विनियम हैं और यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ; और

(ख) क्या सरकार ऐसे विज्ञापनों पर प्रतिबन्ध लगाने का विचार रखती है जिनसे बच्चों पर बुरा असर पड़ने की सम्भावना हो ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) और (ख) जी, हां । दूरदर्शन और आकाशवाणी को अपनी-अपनी विज्ञापन संहिताएं हैं । बच्चों से संबंधित अंश संलग्न विवरण में दिए गए हैं (नीचे देखिये) जिनमें ऐसे विज्ञापनों के विषय में कार्रवाई करने के लिए सुरक्षात्मक उपाय बताए गए हैं ।

विवरण

आकाशवाणी संहिता

विज्ञापन और बच्चे

18. किसी उत्पाद या सेवा के लिए ऐसा कोई विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा जिसमें किसी भी रूप में यह जताया गया हो कि यदि बच्चे उस उत्पाद या सेवाओं को स्वयं नहीं खरीदेंगे या दूसरे व्यक्तियों को उसे खरीदने के लिए प्रोत्साहित नही करेंगे तो वे अपने कर्तव्य का पालन नहीं कर रहे होंगे या किसी विशेष व्यक्ति या संगठन के प्रति निष्ठावान नहीं होंगे ।

19. ऐसा कोई विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा जिससे बच्चों के मन में यह विश्वास पैदा हो कि यदि वे विज्ञापन किए गए उत्पाद को खरीदेंगे नहीं या इस्तेमाल नहीं करेंगे तो वे किसी भी रूप में अन्य बच्चों के मुकाबले निष्कृष्ट हो जायेंगे या उत्पाद के उनके पास न होने से या उनके द्वारा इस्तेमाल न किए जाने से उनकी निन्दा की जा सकती है या उनकी हंसी उडायी जा सकती है ।

दूरदर्शन संहिता

विज्ञापन और बच्चे

22. किसी उत्पाद या सेवा के लिए ऐसा कोई विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा जिसमें किसी भी रूप में यह जताया गया हो कि यदि बच्चे उस उत्पाद या सेवाओं को स्वयं नहीं खरीदेंगे या दूसरे व्यक्तियों को उसे खरीदने के लिए प्रोत्साहित नहीं करेंगे तो वे अपने कर्तव्य का पालन नहीं कर रहे होंगे या किसी विशेष व्यक्ति या संगठन के प्रति निष्ठावान नहीं होंगे ।

23. ऐसा कोई विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा जिससे बच्चों के मन में यह विश्वास पैदा हो कि यदि वे विज्ञापन किए गए उत्पाद को खरीदेंगे नहीं या इस्तेमाल नहीं करेंगे तो वे किसी भी रूप में में अन्य बच्चों के मुकाबले निकृष्ट हो जाएंगे या उत्पाद के उनके पास न होने से या उनके द्वारा इस्तेमाल न किए जाने से उनकी निन्दा की जा सकती है या उनकी हंसी उडायी जा सकती है ।

24. ऐसा कोई विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा जो बच्चों की सुरक्षा को खतरे में डालता हो या उनमें अस्वस्थ आदतों में कोई रूचि जगाता हो जैसे सडक के बीच में खेलना, खिडकी के बाहर खतरनाक तरीके से झुकना, माचिस और अन्य ऐसे पदार्थों से खेलना जिनसे दुर्घटना हो सकती हो ।

25. बच्चों को भीख मांगते हुए या अशोभनीय मुद्रा में नहीं दिखाया जाएगा ।

गुजरात में आकाशवाणी और दूरदर्शन की योजनाएं

2190. श्री राम सिंह राठवा : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे ।

(क) गुजरात में आकाशवाणी और दूरदर्शन के संबंध में सातवीं पंच-वर्षीय योजना में शामिल की गई योजनाओं का ब्यौरा क्या है और उनके लिए आवंटित निधियों का ब्यौरा क्या है ; और

(ख) उनका क्षेत्र-वार विवरण, लागत और उनकी वर्तमान स्थिति क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उपमन्त्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) और (ख) गुजरात राज्य में, आकाशवाणी और दूरदर्शन की सातवीं योजना स्कीमों का ब्यौरा और उनका वित्तीय परिव्यय एवं वर्तमान स्थिति संलग्न विवरण में दी गई है ।

विवरण

गुजरात राज्य में आकाशवाणी और दूरदर्शन की सातवीं योजना स्कीमों, इसके वित्तीय परिव्यय और स्थिति को दर्शाने वाला विवरण ।

क्रम संख्या	स्कीम	परिव्यय (लाख रुपयों में)	स्थिति
	(क) आकाशवाणी		
1.	अहवा में बहुउद्देशीय स्टुडियो तथा स्टाफ क्वाटरों में 1 कि. वा. मी. वे. ट्रांसमीटर सहित नया रेडियो स्टेशन ।	185.77	कार्यान्वयन की स्थिति में है ।
2.	बहुउद्देशीय स्टुडियो तथा स्टाफ क्वाटरों में 2×3 कि. वा. एफ. एम. ट्रांसमीटर सहित स्थानीय रेडियो स्टेशन ।		
	(1) सूरत	337.92	कार्यान्वयन की स्थिति में है ।
	(2) गोधरा	227.20	स्कीम पूरी हो गई है । स्टेशन कार्य कर रहा है ।
3.	अहमदाबाद में 50 कि. वा. मी. वे. ट्रांसमीटर की शक्ति बढ़ाकर 200 कि. वा. मी. वे. करना ।	314.60	स्कीम पूरी हो गई है । ट्रांसमीटर कार्यकर रहा है ।

(ख) दूरदर्शन

क्रम संख्या	स्कीम	परिव्यय (लाख रुपये में)	स्थिति
1.	स्टूडियो राजकोट	1513.10	कार्यान्वयनाधीन
2.	उ. श. ट्रां., भुज	331.60	कार्यान्वयनाधीन
3.	अल्प श. ट्रां., अहवा	23.79	पहले ही चालू कर दिया गया है ।
4.	अ. श. ट्रां., अमरेली	23.79	—तथैव—
5.	अ. श. ट्रां., गोधरा	27.52	—तथैव—

क्रम संख्या	स्कीम	परिव्यय (लाख रुपये में)	स्थिति
6.	अ.ण.ट्रां., जामनगर	63.90	—तथैव—
7.	अ.ण.ट्रां., जूनागढ़	36.52	—तथैव—
8.	अ.ण.ट्रां., पालनपुर	25.02	—तथैव—
9.	अ.ण.ट्रां., पोरबंदर	30.35	—तथैव—
10.	अ.ण.ट्रां., सुरेन्द्रनगर	22.05	—तथैव—
11.	अ.ण.ट्रां., वलसाड	36.52	—तथैव—
12.	अ.ण.ट्रां., वोरावल	23.79	—तथैव—
13.	अ.ण.ट्रां., धारजी	44.54	—तथैव—
14.	अ.ण.ट्रां., दोहाद	44.54	—तथैव—
15.	अ.ण.ट्रां., महसाना	44.54	—तथैव—
16.	अ.ण.ट्रां., सोनगढ़	44.54	—तथैव—
17.	अ.ण.ट्रां., भावर	44.54	—तथैव—
18.	अ.ण.ट्रां., अम्बाजी	44.54	—तथैव—
19.	अ.ण.ट्रां., थार्ड	44.54	—तथैव—
20.	अ.ण.ट्रां., देदियापाड़ा	44.54	—तथैव—
21.	अ.ण.ट्रां., छोटा उदयपुर	44.54	—तथैव—
22.	अ.ण.ट्रां., कौसम्बा	46.25	—तथैव—
23.	अ.अ.ण.ट्रां., काकरा पाड़	41.50	—तथैव—
24.	अर्थ स्टेशन, अहमदाबाद	219.70	कार्यान्वयनाधीन
25.	अहमदाबाद में निर्माणोत्तर सुविधाएं	80.20	कार्यान्वयनाधीन
26.	दूरदर्शन अहमदाबाद में ओ. बी. वैन	224.00	पहले ही चालू कर दिया गया है।

इलाहाबाद दूरदर्शन की कार्य-प्रणाली

2191. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के पास इलाहाबाद दूरदर्शन केंद्र की कार्य-प्रणाली में सुधार करने की कोई योजनायें हैं ;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इन योजनाओं को कब तक कार्यान्वित कर दिए जाने की संभावना है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) से (ग) इलाहाबाद में एक उच्च शक्ति (10 कि०वा०) दूरदर्शन ट्रांसमीटर कार्य कर रहा है । शहर में एक दूरदर्शन स्टूडियो केंद्र स्थापित करने और इलाहाबाद के उच्च शक्ति ट्रांसमीटर को दूरदर्शन केंद्र) लखनऊ के साथ जोड़ने का भी प्रस्ताव है । इन स्कीमों को आठवीं योजना अवधि में कार्यान्वित किए जाने की योजना है ।